मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26,किसान भवन,अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011
Website : www.mpmandiboard.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel. : 0755-2553429

क्रमांक/मण्डी बोर्ड/आई.टी.सेल/2023-24/454 भोपाल, दिनांक 31/12/ 2024

प्रति,

श्री मुशर्रफ सुल्तान,
वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,
एनआईसी, भारत सरकार,
सतपुड़ा भवन, भोपाल।

विषय:-प्रदेश की "ब" वर्ग की 41 मण्डी समितियों में ई-मण्डी योजना के संचालन संबंधी।
संदर्भ:-कार्यालयीन पृष्ठांकन क्रमांक/मण्डी बोर्ड/आईटी सेल/2024-25/451 दिनांक 19/12/2024।

-0-

उल्लेखित विषय में लेख है कि मण्डी बोर्ड की ई-अनुज्ञा पोर्टल, ई-मण्डी, एमपी फार्मगेट ऐप व फ्लाइंग स्काड ऐप का 24x7 आनलाईन क्रियान्वयन आपकी संस्था के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण प्रणाली आपकी संस्था के अधीन मेघराज क्लाउड सर्वर नई दिल्ली पर होस्ट होकर कार्य कर रही है।

आपको विदित है कि दिनांक 01/01/2025 से प्रदेश की "ब" वर्ग की 41 मण्डी समितियों में ई-मण्डी योजना का शतप्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रबंध संचालक महोदय द्वारा दिये गये हैं। यह उल्लेखनीय है कि ई-मण्डी योजना राज्य शासन की महत्वकांशी योजनाओं में से एक है।

कृपया उपरोक्त क्रियान्वयन को दृष्टिगत रखते हुये मण्डी बोर्ड के ई-अनुज्ञा पोर्टल व ई-मण्डी पोर्टल के Network Load Testing , Load balancing, Server Clustering , Auto Scaling , Data Storage and Management, Network and security, Server Monitoring, Log Manangent, Incremental backup, 24X7 support desk एवं एक समय पर अधिक यूज़र द्वारा उपयोग के समय साईट बंद या स्लो वर्क न करे। यदि इंटरनेट उपलब्ध न हो तो डाटा लोकल स्टोरेज में सेव/सुरक्षित हो एवं इंटरनेट उपलब्ध होने पर डाटा सिंक हो जाये इत्यादि तकनीकी बिन्दुओं पर समग्र रुप से आंकलन व विचार कर ऐसी व्यवस्था व तैयारी सुनिश्चित कर ली जाये कि ई-मण्डी योजना के मण्डी समितियों में दैनिक कार्य संचालन में अवरोध व सर्वर डाउन की स्थिति निर्मित न होने पाये।

साथ ही सामान्य समस्याओं के लिये FAQ और समाधान भी बनाये जायें। ई-अनुज्ञा पोर्टल व ई-मण्डी पोर्टल के लिये Revival Disaster Recovery सर्विसेज की उपयोगिता को स्पष्ट करते हुये अपना अभिमत दिये जाने का अनुरोध है।

(अपर संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

Sandeep
31/12/2024

(संदीप कुमार चौबे)

चीफ प्रोग्रामर

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

भोपाल

क्रमांक/मण्डी बोर्ड/IT Cell/2024-25/455 भोपाल, दिनांक 31/12/2024

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

Sandeep
31/12/2024

चीफ प्रोग्रामर

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

भोपाल